बलिया तक

रविंद्रा के नाम से नकली तेल उत्पादन की फैक्ट्री सील-।

**भोजपुर**। भोजपुर क्षेत्र के चंद्रसेन इंटर कॉलेज के निकट सिरसवागोड में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमपाल सिंह द्वारा नकली तेल की फैक्ट्री को सील किया गया रविंद्रा ब्रांड के सेल्स मैनेजर एवं अन्य अधिकारी इस नकली तेल की फैक्ट्री पर कई दिनों से निगाह रखे हुए थे मैनेजर एवं अन्य अधिकारियों ने बताया हमारे ब्रांड का नाम लेकर नकली तेल का उत्पादन किया जा रहा है जिससे क्षेत्र में हमारे ब्रांड का नाम खराब हो रहा है

और लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इसकी सूचना अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को एवं संबंधित थाने को दी खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बड़ी कार्यवाही करते हुए फैक्ट्री पर पहुंचे जहां दोनों और तारे लगे हुए थे फोन द्वारा फैक्ट्री मालिक को सूचित किया गया और फैक्टरी पर आने के लिए समय दिया गया लेकिन अनेको बार फोन करने पर कोई फैक्ट्री पर नहीं पहुंचा तत्पश्चात पुलिस एवं रविंद्रा ब्रांड के अधिकारियों की निगरानी में फैक्ट्री को सील कर दिया गया अगली कार्यवाही तक फैक्ट्री सील रहेगी और फैक्ट्री मालिक की मौजूदगी में सील खोलकर फैक्ट्री की जांच की जाएगी उसके बाद दोषी पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी

Source: https://www.balliatak.com/india-news/factory-producing-fake-oil-in-the-name-of-ravindra-sealed/article-14050#gsc.tab=0